नयी शिक्षा नीति से फिर स्थापित होगा भारत का गौरव-राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य

सुंमगलम सेवा न्यास के १३वें स्थापना दिवस समारोह में पहुंचे असम के राज्यपाल, महामना मदन मोहन मालवीय को किया याद

नैनी (प्रयागराज)। असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य रविवार को प्रयागराज के औद्योगिक क्षेत्र स्थित चाड़ी गांव में श्री सुमंगलम सेवा न्यास के १३वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम और राष्ट्रगान गाया।

राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने महामना पंडित मदन मोहन मालवीय को याद करते हुए कहा कि इसी पावन धरती से निकले मालवीय जी ने भारतीय संस्कृति और आत्मगौरव को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया था। काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना इसी विचार का परिणाम थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू नयी शिक्षा नीति में भारतीय जीवन मूल्यों, संस्कृति, भाषा और योग को शामिल किया गया है। इससे भारत की उस गौरवशाली शैक्षिक परंपरा को फिर स्थापित करने का प्रयास हो रहा है, जिसके तहत कभी दुनिया भर से लोग यहां शिक्षा ग्रहण करने आते थे।

राज्यपाल ने समाज, देश, माता-पिता और ऋषियों के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसी भावना से प्रेरित होकर अरविंद जी और बहन देवयानी इस कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं। समारोह में सुमंगलम संस्था के बच्चों ने गीत, नृत्य और देशभक्ति से जुड़ी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

बच्चों ने राज्यपाल का तिलक लगाकर स्वागत किया और आरती उतारी। उनकी प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के अध्यक्ष अनिल केसरवानी ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनिल सिंह, राज्यसभा सांसद राधा कृष्ण ओझा, विधायक दीपक पटेल, विधायक पीयूष रंजन निषाद और गुरु प्रसाद यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ला सहित संस्था के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, अभिभावक, छात्र-छात्राएं और स्थानीय लोग मौजूद रहे।



सुमंगलम सेवा न्यास के स्थापना दिवस समारोह में असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य का अभिनंदन करते आयोजक।

सुजावन देव धाम में कार्तिक स्नान के लिए उमड़े हजारों श्रद्धालु

कार्तिक मास के पहले रविवार को यमुना स्नान और शिव दर्शन के लिए पहुंची भारी भीड़

घूरपुर (प्रयागराज)। कार्तिक मास के पहले रविवार को सुजावन देव धाम स्थित यमुना घाट पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिम शुरू हो गया, जो दोपहर तक जारी रहा। हजारों श्रद्धालुओं ने यमुना में आस्था की डुबकी लगाई और पहाड़ी पर स्थित प्राचीन सुजावन देव मंदिर में भगवान शिव के दर्शन-पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

कार्तिक मास में यमुना स्नान, दान, दीपदान और तुलसी पूजन का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। इसी मान्यता के चलते हर वर्ष कार्तिक मास में यमुना तट पर स्थित सुजावन देव धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। रविवार को आसपास के दर्जनों गांवों के अलावा दूर-दराज के क्षेत्रों से भी भक्त स्नान और दर्शन के लिए आए। परंपरा के अनुसार श्रद्धालुओं ने पहले यमुना में स्नान किया। इसके बाद पहाड़ी पर स्थित भगवान शिव के प्राचीन मंदिर में जलाभिषेक और पूजन-अर्चन किया। इस दौरान पूरा धाम हर-हर महादेव और यमुना मैया के जयकारों से गूंजता रहा। भक्तों ने परिवार की खुशहाली, सुख-शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। धाम में व्यवस्था संभालने के लिए मंदिर के मुख्य पुजारी ज्ञानेंद्र भारती सुबह से सक्रिय रहे। उन्होंने बताया कि कार्तिक मास भर यहां मेले जैसा माहौल रहता है और प्रत्येक रविवार को श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ उमड़ती है।

नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय के दो अधिकारियों पर अभद्रता और मारपीट का आरोप

सरायइनायत पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

हनुमानगंज (प्रयागराज)। नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के जमुनीपुर परिसर में विशेष शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डा. वंदना मिश्रा ने विश्वविद्यालय के दो अधिकारियों पर अभद्रता, गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उनकी शिकायत पर सरायइनायत पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

डा. वंदना मिश्रा के मुताबिक, ११ सितंबर २०२६ को दोपहर करीब २:३० बजे से शाम ५ बजे तक वह डीएड स्पेशल एजुकेशन (आईडी) में प्रवेश से संबंधित विभागीय कार्य के सिलसिले में विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति कार्यालय गयी थीं। आरोप है कि वहां मौजूद लीगल एडवाइजर सर्वेश मिश्रा से बातचीत के बाद कार्यकारी रजिस्ट्रार एसएस मिश्रा उर्फ श्याम सुंदर मिश्रा को फोन कर बुलाया गया।

इसके बाद दोनों अधिकारियों ने कथित तौर पर उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की और नौकरी से निकालने तथा जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने मारपीट और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, स्थिति गंभीर होने पर प्रतिकुलपति कार्यालय के बाहर मौजूद कर्मचारियों ने हस्तक्षेप किया और उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला।

डा. मिश्रा ने घटना के समय की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कारवाई करने की मांग की है। उन्होंने मामले को लेकर दबाव बनाए जाने की आशंका जताते हुए अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया है। पुलिस की ओर से मामले में आगे की कारवाई की जानकारी उपलब्ध नहीं करायी गयी है।

विश्व कल्याण की कामना से लक्ष्मी-नारायण पूजन एवं महायज्ञ संपन्न



श्रीसूक्त और पुरुषसूक्त के सस्वर पाठ से भक्तिमय हुआ परमानंद आश्रम

झूंसी (प्रयागराज)। श्री परमानंद आश्रम ट्रस्ट द्वारा संचालित स्वामी नरोत्तमानंद गिरि वेद विद्यालय में विश्व कल्याण, सुख-शांति, आरोग्य और समृद्धि की कामना से भगवान श्री लक्ष्मी-नारायण का विशेष पूजन एवं वैदिक अनुष्ठान विधि-विधान से संपन्न हुआ।

वैदिक परंपरा के अनुसार वेद बटुकों ने मंगलाचरण और संकल्प के साथ अनुष्ठान का शुभारंभ किया। इसके बाद भगवान का पंचामृत स्नान कराकर गंध, अक्षत, पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित किया गया। इस अवसर पर वेद बटुकों ने ऋग्वेदीय श्रीसूक्त एवं पुरुषसूक्त का सस्वर पाठ किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। अनुष्ठान के दौरान समाज में सुख-समृद्धि, शांति और आरोग्य की वृद्धि की कामना की गयी।

आश्रम की वैदिक परंपरा के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से सनातन संस्कृति, वैदिक शिक्षा और धार्मिक संस्कारों के संरक्षण का संदेश दिया गया।

अंत में महाआरती के बाद आचार्यों, वेद बटुकों और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

पोलवाल्ट में चंदन यादव ने जीता रजत पदक, गांव में खुशी की लहर

मऊआइमा (प्रयागराज)। मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आयोजित ७०वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय



एथलेटिक्स प्रतियोगिता में मऊआइमा क्षेत्र के छात्र चंदन यादव ने पोलवाल्ट स्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक अपने नाम किया। उसकी इस उपलब्धि से मलकिया गहरपुर गांव में खुशी की लहर दौड़ गयी। परिजनों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। मऊआइमा क्षेत्र के चक श्याम पूरे हिंछा स्थित भोलानाथ रामसुख इंटरमीडिएट कालेज में कक्षा १० के छात्र चंदन यादव ने रविवार दोपहर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। पोलवाल्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए उसने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

चंदन की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं कोच वीरेंद्र पटेल, ग्राम प्रधान सुनील यादव, बड़े भाई पवन यादव (बीएसएफ), शिवम यादव, चाचा रामभजन यादव, सत्यपाल, जगदंबा प्रसाद और स्टेडियम के कोच जयवीर सहित अन्य लोगों ने बधाई दी। सभी ने उसकी उपलब्धि की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दहेज हत्या के मामले में पति गिरफ्तार, छः अन्य आरोपितों की तलाश

१८ को हुई थी विवाहिता की मौत, पति सहित सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मेजारोड (प्रयागराज)। दहेज प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता के फांसी लगाकर जान देने के मामले में मेजा पुलिस ने आरोपित पति धीरज निषाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने पति सहित ससुराल पक्ष के सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। अन्य छः आरोपितों की तलाश की जा रही है। मृतका के भाई प्रदीप कुमार के मुताबिक, उसकी बहन सीता निषाद की शादी कुछ महीने पहले मेजा क्षेत्र के ऊपरौड़ा निवासी धीरज निषाद के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग सीता से दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर उसे कथित रूप से प्रताड़ित किया जाता था। भाई का आरोप है कि लगातार हो रही प्रताड़ना से परेशान होकर सीता ने १८ अक्तूबर को फांसी लगाकर जान दे दी थी। प्रदीप ने अपने बहनोई धीरज निषाद के अलावा श्वसुर लवकुश निषाद, ज्येष्ठ नीरज कुमार, जेठानी, मौसा सिपाही लाल, मौसी और सिपाही लाल के बेटे राहुल को आरोपित किया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने सातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। रविवार को सिरसा चौकी प्रभारी प्रभाकर शुक्ला और कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार ने आरोपित पति धीरज निषाद को लोहारी चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी कारवाई के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। मेजा थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि मामले में नामजद अन्य छः आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगायी गयी है। उनकी तलाश की जा रही है।

शरद पूर्णिमा पर भजन जैमिंग संध्या का आयोजन

रोटरी क्लब आफ इलाहाबाद मिडटाउन ने बालिका शिक्षा के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से किया आयोजन



नैनी (प्रयागराज)। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर रविवार को रोटरी क्लब आफ इलाहाबाद मिडटाउन की ओर से अरैल घाट स्थित परमार्थ त्रिवेणी पुष्प में भव्य भजन जैमिंग संध्या का आयोजन किया गया। भक्ति, संगीत और सामाजिक सरोकारों से जुड़े इस कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, क्लब सदस्यों और भजन प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में कलाकार सूर्य प्रकाश दुबे और इशरत केडिया ने अपनी सुमधुर भजन प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। पूरा परिसर भक्तिरस से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत क्लब अध्यक्ष रितु कमल अग्रवाल, सचिव शेफाली अग्रवाल, रोटरी डिस्ट्रिक्ट ३१२० की गवर्नर, प्रमोद कुमार और प्रायोजकों ने दीप जलाकर किया। आयोजन की चेयरपर्सन शिव शंकर सिंह और अंकिता माहेश्वरी रहीं।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रितु कमल अग्रवाल ने बालिका शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षित बालिका न केवल आत्मनिर्भर बनती है, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बालिका को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिलना चाहिए और आर्थिक परिस्थितियां उसकी राह में बाधा नहीं बननी चाहिए। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने और इसके लिए आवश्यक संसाधन जुटाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य बालिका शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इस सामाजिक कार्य के लिए धन संग्रह को प्रोत्साहित करना था। आयोजन में विनायक रियल्टी एवं संगम ग्रुप, यूनाइटेड मेडिसिटी, एलडीसी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस, तिरुपति बेकर्स प्राइवेट लिमिटेड, राधे शीरमाल, हिंद एलीवेटर्स और पैराडाइज का सहयोग रहा। क्लब ने सभी प्रायोजकों, सहयोगियों और अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

साइबर ठगी की रकम पुलिस ने करायी वापस

घूरपुर (प्रयागराज)। आनलाइन ठगी की शिकार हुई युवती को घूरपुर पुलिस ने राहत दिलाते हुए उसके बैंक खाते में ठगी गयी पूरी रकम ५५ हजार रुपये वापस करा दिए। शनिवार को रकम वापस मिलने पर पीड़िता और उसके परिजनों ने पुलिस की सराहना करते हुए आभार जताया।

जानकारी के अनुसार, जसरा की कृष्णा कालोनी निवासी श्वेता सिंह परिहार ने घूरपुर थाने में शिकायत दर्ज करायी थी कि अज्ञात साइबर ठगों ने उनके बैंक खाते से ५५ हजार रुपये निकाल लिए हैं। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। थाना प्रभारी के निर्देश पर साइबर टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों और बैंकिंग विवरणों के आधार पर कारवाई की गयी। पुलिस टीम ने संबंधित बैंकों और साइबर सेल से समन्वय स्थापित कर ठगी की रकम को होल्ड कराया। लगातार प्रयासों के बाद शनिवार को पूरी धनराशि श्वेता सिंह परिहार के बैंक खाते में वापस करा दी गयी। इस कारवाई में साइबर टीम प्रभारी महिला उपनिरीक्षक फरहा खान की अहम भूमिका रही। उन्होंने मामले की निगरानी करते हुए पीड़िता को रकम वापस दिलाने के प्रयास किए। रकम वापस मिलने पर श्वेता और उनके पिता मानसिंह परिहार ने पुलिस टीम का आभार जताया।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अनजान लिंक पर क्लिक न करें और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर १९३० पर शिकायत दर्ज कराएं या नजदीकी थाने से संपर्क करें।

राम-रावण युद्ध में हुआ रावण वध आकर्षक झांकियों ने मोहा मन

फाफामऊ (प्रयागराज)। श्रीरामलीला कमेटी फाफामऊ का ऐतिहासिक रामदल रविवार को भव्य सजावट के साथ निकला। श्रीरामलीला रंगमंच पर भगवान श्रीराम की आरती के बाद चांदी के हौदे पर सवार रामदल आगे बढ़ा। इसके साथ तीन दर्जन से अधिक कलात्मक चौकियां, काठ के हाथी, ऊंट और घोड़े आकर्षण का केंद्र रहे।

रामदल की अगुआई फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल, महापौर गणेश केसरवानी, शहर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी और उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक के निदेशक उपेंद्र सिंह ने की। रामदल विभिन्न गलियों और बाजारों से होते हुए बाईपास स्थित पुराने फाफामऊ के रामलीला मैदान पहुंचा। यहां राम-रावण युद्ध के मंचन के दौरान भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर विजय पताका फहराई। जय श्रीराम के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

दशहरा मेला दूधिया रोशनी से जगमगाता रहा। चाट, खिलौनों और झूलों की दुकानों पर भीड़ उमड़ी। आकर्षक झांकियों के साथ चल रहे बैंड और डीजे की धुन पर दर्शक थिरकते रहे। रंगपुरा में टाटा कंपनी के पास जवाबी बिरहा का आयोजन भी हुआ। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष धीरेन्द्र केसरवानी, महामंत्री सुरेश केसरवानी, संरक्षक संतबक्स सिंह, महेंद्र केसरवानी आदि मौजूद रहे।

गोविंद नगर वार्ड में सीसी नाली निर्माण का भूमिपूजन

नगर के चौमुखी विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है नगर पंचायत-ओम प्रकाश केशरी



कोरांव (प्रयागराज)। नगर पंचायत कोरांव के चौमुखी विकास के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। नगर को साफ-सुथरा और सुगम बनाने के लिए सड़कों के साथ नालियों का निर्माण जरूरी है। यह बातें रविवार को नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी ने गोविंद नगर वार्ड में लाखों रुपये की लागत से बनने वाली सीसी नाली के भूमिपूजन के दौरान कहीं। उन्होंने विधि-विधान से भूमिपूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की।

नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी ने कहा कि नगर में जल निकासी की व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए नाली निर्माण आवश्यक है। इससे स्थानीय लोगों को जलभराव की समस्या से राहत मिलने में मदद मिलेगी। नगर पंचायत नगर के विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर संकल्पित है। इस दौरान गोविंद नगर वार्ड के सभासद सचिन केशरी, सुमित कुमार पांडेय, श्याम सुंदर केशरी, आशीष केशरी, राजेश केशरी, राजेश सोनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मानस रामलीला में ताड़का वध और अहिल्या उद्धार का मंचन

नैनी, प्रयागराज। मानस रामलीला समिति नैनी के मंच पर सोमवार को मुनि आगमन, ताड़का वध और अहिल्या उद्धार की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों ने राजा दशरथ और महर्षि विश्वामित्र के संवादों के साथ रामकथा के प्रसंगों को जीवंत किया। विश्वामित्र के साथ यज्ञ की रक्षा के लिए गए भगवान राम ने ताड़का का वध किया और आगे चलकर अहिल्या का उद्धार किया। मंचन देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक प्रदीप मेहरा शास्त्री, अध्यक्ष धीरेन्द्र यादव धीरू और अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

मेजा रोड व्यापार मण्डल ने धूमधाम से मनाया आठवां स्थापना दिवस

जिला पंचायत अध्यक्ष ने व्यापारियों को दी विकास कार्यों की सौगात, पक्के घाट और हाईमास्ट लाइट लगवाने का आश्वासन

मेजा रोड (प्रयागराज)। मेजा रोड व्यापार मंडल का आठवां स्थापना दिवस रविवार को 'आठ साल बेमिसाल' के संकल्प के साथ धूमधाम से मनाया गया। व्यापार मंडल कार्यालय में आयोजित समारोह में जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीके सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्षता समर्थ गुरु रामदास जी महाराज ने की, जबकि मंच संचालन दिनकर मिश्रा ने किया।

व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय और पदाधिकारियों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट किया। महिला मोर्चा की पूजा गुप्ता ने अपनी टीम के साथ बुके देकर स्वागत किया। अंतरराष्ट्रीय गायक तिवारी बंधु मंजीत और सुजीत ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डा. वीके सिंह ने व्यापार मंडल को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि व्यापारी क्षेत्र के विकास और आर्थिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने पक्करी सेवार गंगा तट पर पक्का घाट बनवाने, मेजा रोड बाजार में हाईमास्ट लाइट और डस्टबिन लगवाने का आश्वासन दिया। साथ ही जमीन उपलब्ध होने पर महिला और पुरुषों के लिए सार्वजनिक शौचालय बनवाने की बात कही।

विशिष्ट अतिथि विदुप अग्रहरि ने कहा कि व्यापार मंडल की ताकत व्यापारियों की एकजुटता है। छोटे-बड़े सभी व्यापारी समाज और देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देते हैं। उन्होंने व्यापारियों के हितों का ध्यान रखने और उनके लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की जरूरत बतायी। व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय भी व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों की रक्षा के लिए काम करता रहेगा। महामंत्री ओपी पांडेय और वरिष्ठ संरक्षक नित्यानंद उपाध्याय ने भी संघटन की एकता और सक्रियता पर जोर दिया। समारोह में सिद्धांत तिवारी, योगेश शुक्ला, सुशील मिश्रा, मुन्नन शुक्ला, अभिषेक तिवारी, रिंकू ओझा, रामशिरोमणि तिवारी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी और लोग मौजूद रहे।



सरदार पटेल जयंती पर ३१ को होगी राष्ट्रीय क्रास कंट्री दौड़

मऊआइमा (प्रयागराज)। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की १५१वीं जयंती पर ३१ अक्तूबर को मऊआइमा में राष्ट्रीय स्तर की १० किलोमीटर क्रास कंट्री दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। आयोजक राकेश पटेल और दिनेश पटेल फौजी ने बताया कि प्रतियोगिता सुबह आठ बजे ब्लाक बाजार से शुरू होगी और विभिन्न मार्गों से होते हुए ब्लाक चौराहे पर समाप्त होगी। दौड़ ब्लाक बाजार से थाना पड़ाव चौराहा, छपाई बाग, मरखामऊ, घूर घाट प्राथमिक विद्यालय, अलावलपुर मेला ग्राउंड और महमदपुर सराय अली मार्ग से होकर गुजरेगी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले धावक को २१ हजार रुपये, द्वितीय स्थान पर रहने वाले को ११ हजार रुपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को ५१०० रुपये का नकद पुरस्कार दिया जायेगा। इसके अलावा अन्य प्रतिभागियों को भी नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के ठहरने और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की जायेगी। वर्ष २०११ से सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से ४०० से अधिक धावक हिस्सा लेते हैं।

आजका मुहूर्त

दिनांक- २६ अक्तूबर २०२६
सम्वत्- २०८३ तुला राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- आश्विन शुक्ल पक्ष
तिथि- पूर्णिमा दिन में ०९.५८ तक उपरान्त प्रतिपदा।
वार- सोमवार
नक्षत्र- अश्वनी रात्रि ०९.५८ तक भरणी।
राशि- मेष।
सूर्योदय- ०६.२४ बजे
सूर्यास्त- ०५.३६ बजे
राहुकाल- प्रातःकाल ०७.३० से ०९ बजे तक।
भद्रा- नहीं है।
मुहूर्त- सोमवारको अश्विनी में प्रसूति स्नान, अन्नप्राशन, नृत्य गीत वाद्य आरम्भ, वाहन क्रय विक्रय व्यापार, आवेदन पत्र लेखन आदि।
विशेष- स्नान के लिए पुण्यतमा पूर्णिमा, महर्षि पाराशर एवं वाल्मीकि जंयती, राश पूर्णिमा व्रत में कार्तिक मास स्नान यम नियम सयम आरम्भ।

मतदाता सूची में न कटे किसी का नाम, न हो दोहरी प्रविष्टि-एसडीएम

सुपरवाइजरों और बीएलओ को अधिक से अधिक मतदाताओं को जोड़ने के निर्देश

कोरांव (प्रयागराज)। मतदाता सूची को लेकर रविवार को एसडीएम टीपी सिंह ने तहसील सभागार में



सुपरवाइजरों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची से संबंधित कार्यों में सावधानी बरतने और अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं को सूची से जोड़ने के निर्देश दिये।

एसडीएम ने कहा कि सभी सुपरवाइजर अपने-अपने क्षेत्रों में बीएलओ के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में फार्म-६ भरवाकर पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करायें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं कटना चाहिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाये कि किसी मतदाता का नाम दो बार दर्ज न हो और पूरे विधानसभा क्षेत्र में उसका नाम केवल एक ही मतदाता सूची में रहे।

उन्होंने फार्म-७ भरने के संबंध में भी विशेष सावधानी बरतने को कहा। निर्देश दिया कि संबंधित मतदाताओं से मिलकर और आवश्यक जानकारी की पुष्टि करने के बाद ही फार्म-७ भरा जाये। बैठक में क्षेत्रीय सुपरवाइजरों के साथ कई बीएलओ भी मौजूद रहे।

करण्ट की चपेट में आने से पेंटिंग मजदूर की मौत

नवनिर्मित मकान में काम करते समय हुआ हादसा

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के जायेगीपुर मझियारी गांव निवासी २० वर्षीय पेंटिंग मजदूर शिव प्रकाश पटेल की रविवार दोपहर करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी। वह फतेशाह का पूरा स्थित एक नवनिर्मित मकान में पेंटिंग का काम कर रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, जायेगीपुर (मझियारी) निवासी शिव प्रकाश पटेल पुत्र सुनील कुमार पटेल मजदूरी करता था। वह गांव के रिश्तेदार किशन कुमार के साथ कई दिनों से सर्वजीत यादव उर्फ पप्पू यादव के नवनिर्मित मकान में पेंटिंग कर रहा था। बताया गया कि मकान निर्माण के ठेकेदार राजेंद्र सरोज के कहने पर दोनों काम करने पहुंचे थे। रविवार को दोपहर करीब तीन बजे पेंटिंग के दौरान शिव प्रकाश लोहे की जंगले में लिपटे नंगे तार के संपर्क में आ गया। तार में करंट दौड़ रहा था, जिसकी चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। साथ में काम कर रहे किशन कुमार ने घटना की सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों में चीख-पुकार मच गयी। परिजनों ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। कल्याणपुर चौकी प्रभारी आयुष सिंह ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर फौतिया तजकरा दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कारवाई की जायेगी। शिव प्रकाश तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था और अविवाहित था। उसकी मौत से मां फूला देवी, पिता सुनील कुमार, छोटे भाई शिवम और सत्यम तथा बहन शिवानी का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुरानी रंजिश में अधिवक्ता पर जानलेवा हमला, नौ के खिलाफ प्राथमिकी

दुबाही नहर के पास घेरकर लाठी-डंडों से पीटने का आरोप, पांच नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

मऊआइमा (प्रयागराज)। पुरानी रंजिश को लेकर दुबाही नहर के पास एक अधिवक्ता पर जानलेवा हमला किये जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पहले से घात लगाकर बैठे हमलावरों ने अधिवक्ता को घेरकर लाठी-डंडों से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पुलिस ने पांच नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मऊआइमा थाना क्षेत्र के रामनगर गंसियारी गांव निवासी शिव प्रकाश एडवोकेट पुत्र स्वर्गीय राम किशोर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मऊआइमा के राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुबाही नहर के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान पहले से मौजूद विपक्षियों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि गाली-गलौज करने के बाद लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में वह गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। घटना के बाद घायल अधिवक्ता मऊआइमा थाने पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जय विक्रांता, सचिन कुमार, शनि कुमार, प्रिंस और धर्मेंद्र कुमार सहित चार अज्ञात आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

सूचना-मेरा यू.पी.टी.ई.टी. द्वारा निर्गत रोल नं.3523617221, रजिस्ट्रेशन सं0-3500242748 वर्ष 2016 की मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गयी है। क्षमा मिश्रा पुत्री-प्रेम प्रकाश मिश्रा नि0-गोविन्दनगर करबला जी.टी.रोड, इलाहाबाद

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा BTC (D.EI.ED) का उत्तीर्ण वर्ष 2019,बैच 2015 अनुक्रमांक 182350032,कंप्यूटर आई0 डी0(1700025268) मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। नाम प्रभात कुमार पटेल (Prabhat kumar patel) पुत्र अजय कुमार पटेल (Ajay kumar patel) पताः ग्राम व पोस्ट- मोतिहा, प्रयागराज,पिन कोड- 221508

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वास्तविक व पूर्ण नाम आयुषी कुशवाहा है जो मेरे आधार कार्ड सं0- XXXX XXXX 8089 में दर्ज है, किन्तु मेरे बैंक खाता में त्रुटिवश मेरा नाम आयुषी दर्ज हो गया है। जो कि गलत है, मुझें आयुषी कुशवाहा के नाम से ही लिखा-पढ़ा, जाना-पहचाना जाये। आयुषी कुशवाहा पुत्री-मनोज कुमार नि0-जालौन, 30प्र0

सूचना

मेरा पुत्र सिकन्दर मेरे एवं परिवार के प्रति अच्छा व्यवहार नहीं रहता है । उसका चाल चरित्र मेरे एवं परिवार के प्रति अच्छा नही रहता है । मै उसको अपने निजी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ । भविष्य में मै उसके किसी प्रकार के उसके द्वारा लिए गए लेन देन मार-पीट से मेरा कोई वास्ता नही रहेगा कमलेश पुत्र-श्याम लाल आयु.-50 वर्ष पता-अखासीभय-बहादुरगढ़ तहा-फूलपुर - जि-प्रयागराज